भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 936

उत्तर देने की तारीख- 14/12/2022

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में रिक्तियां

936 श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इन विद्यालयों में स्वीकृत पदों और रिक्तियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्रीमती रेणुका सिंह सरुता)

(क) से (ग): मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस), एक स्वायत्त संगठन, ईएमआरएस की योजना का प्रबंधन और कार्यान्वयन करती है। इसने राज्य ईएमआरएस सोसायटियों/राज्य सरकारों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि एक पूर्ण कार्यात्मक अर्थात् कक्षा छठी से बारहवीं तक 480 छात्रों के साथ क्रियाशील ईएमआरएस के लिए 52 (32 शिक्षण स्टाफ और 20 गैर-शिक्षण स्टाफ) स्वीकृत पद होंगे। 1,05,463 छात्रों के साथ 394 कार्यात्मक स्कूल हैं क्योंकि कुछ स्कूल केवल कुछ ही कक्षाएं चला रहे हैं। आनुपातिक शिक्षकों की आवश्यकता 7030 है और वर्तमान में उपलब्ध शिक्षक 4138 हैं। आज की तारीख में स्कूलों का प्रबंधन संबंधित राज्य सोसायटियों द्वारा किया जा रहा है। एनईएसटीएस ने राज्यों से स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर रखने, संविदात्मक, सेवानिवृत्त और अतिथि शिक्षकों को नियुक्त करने के लिए अनुरोध किया है। जिला कलेक्टर जिला शिक्षा और समाज कल्याण अधिकारी जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ जिला स्तरीय प्रबंधन समिति की अध्यक्षता करता है। राज्यों से स्कूलों के क्रियाशील होते ही रिक्त पदों को भरने के लिए अनुरोध किया गया है।

*****